## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



- ☞ मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में विष्णु भगवान की पूजा अर्चना सुबह 6:30 बजे।
- ☞ व्यापारी पान मसाला और तम्बाकू के संबंध में जिलाधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन 10:30 बजे।


### ग्रीनवुड स्कूल के 11, शाहबाद के दो और व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के एक छात्र को मिली सफलता, रिजल्ट देखकर परीक्षार्थियों के खिले चेहरे

# नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट में जिले के 16 मेधावी सफल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में जिले के 16 मेधावियों ने सफलता हासिल की। इससे विद्यालयों और छात्र-छात्राओं के परिजनों में खुशी का माहौल है। नीट का रिजल्ट देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल गए।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. बेबी तबस्सुम ने बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा है। यह मेडिकल उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाने वाली एक एकल-स्तरीय राष्ट्रीय परीक्षा है, जो उन्हें देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों में मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने में सक्षम बनाती है। ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल के 11 छात्राओं ने नीट उत्तीर्ण की है। व्हाइट हॉल स्कूल के छात्र ने भी नीट उत्तीर्ण की है। नीट में शाहबाद के दो छात्रों ने नाम रोशन किया है। 11 बच्चों का नाम आने पर ग्रीनवुड स्कूल में हर्ष का माहौल है। स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान एवं प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।



साद। (प्राप्तांक-665) इकरा। (636) अदनान पाशा। (550) अदनान। (540)
अलमास। (598) सादिया। (585) शुऐब। (487) मुसाफा। (387)
फहमिया। (485) अरबाब। (289) सामिया। (280)

### अदनान और कौशिक नीट में सफल



अदनान। कौशिक।

**शाहबाद, अमृत विचार :** नीट में शाहबाद के बच्चों ने भी नाम रोशन किया है। नगर के मोहल्ला फर्राशान निवासी शावेज अहमद के बेटे अदनान ने नीट पास कर ली। उन्होंने 695 अंक हासिल किए हैं। वहीं, तहसील क्षेत्र के गांव ग्राम धनौरा निवासी महेंद्र सिंह के बेटे कौशिक ने 638 अंकों के साथ नीट उत्तीर्ण की। दोनों बच्चों की उपलब्धियों से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। लोग भी बधाइयां देने उनके घर पहुंच रहे हैं।

### गर्व आहूजा ने पास की नीट



व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के छात्र गर्व आहूजा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय का नाम रोशन किया। नीट का परिणाम घोषित होने पर व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के छात्र गर्व आहूजा के चयनित होने की खबर सुनते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। गर्व आहूजा ने 679 अंक प्राप्त कर 99.5849221 परसेंटाइल के साथ 9574 के साथ ऑल इंडिया रैंक' प्राप्त की। गर्व आहूजा की इस सफलता पर प्रधानाचार्य डॉ. बसंत गुप्ता विद्यालय के निर्देशक कुणाल नंदा एवं प्रबंधन समिति की सदस्य एवं हेड काउंसलर डॉ. श्रेया गुप्ता, बज्मी जहरा, सरदार अजित सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने गर्व आहूजा को बधाई दी।

### मिलक के कुशांक गंगवार को 610 अंक मिले



**मिलक, अमृत विचार :** मिलक के कुशांक गंगवार ने नीट में 610 अंक प्राप्त कर एमबीबीएस में दाखिला लेने की अर्हता हासिल कर ली है। शुभांक की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी है। मूल रूप से क्षेत्र के कल्यानपुर गांव व हाल निवासी मोहल्ला पटेल नगर के कुशांक गंगवार अध्यापक नुक्ता प्रसाद गंगवार के सुपुत्र हैं। कुशांक ने दयावती मोदी अकादमी से दसवीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। बरेली के गुलाबराय इंटर कॉलेज से 12वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के करोड़ीमल कॉलेज से स्नातक किया। पहली बार नीट में उन्होंने 610 अंक हासिल कर मेडिकल की पढ़ाई की योग्यता तक पहुंच गए। कुशांक बताते हैं कि उन्हें लेप्रोस्कोपिक में बहुत दिलचस्पी है।

### नीट में इवान खान ने पाए 676 अंक



**रामपुर, अमृत विचार :** शहर निवासी मुजाहिद खान के बेटे इवान खान ने सेंट एंथोनी स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उसके बाद वह नीट की तैयारी करने के लिए कोटा चले गए थे। उसके बाद उन्होने परीक्षा की तैयारी की थी। जिसके बाद उन्होने नीट दी थी। इवान खां ने 676 अंक पाए हैं। उनकी इस सफलता से उनके पिता मुजाहिद खान काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि उन के बेटे ने बहुत मेहनत की है।

## एक नजर

### पुरानी तहसील में 11 जून को लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पंत ने बताया कि रोजगार मेला पुरानी तहसील में 11 जून की सुबह 10 बजे से लगेगा। इसमें निजी क्षेत्र की तीन कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। इसमें सेल्स एक्जीक्यूटिव, वेलनेस एडवाइजर, आपॅरेटर, प्रोडक्शन, आपॅरेटर टेनी, फिटर एवं इलेक्ट्रीशियन पदों के लिए भर्ती करेंगी। प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक आईटीआई, पॉलिटेक्निक तथा योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मलित होने के लिए सेवायोजन पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग के लिए अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन कराएं, जो अभ्यर्थी पूर्व से पंजीकृत है वह अपनी लॉगिन आईडी, पासवर्ड से अपना यूजर एकाउन्ट खोलेंगे। डैशबोर्ड आप्शन में जाकर समस्त नौकरियों कैटेगिरी में जा कर जिला रामपुर का चयन कर रोजगार मेला रिक्ति प्रर्दशित करें बटन दबाएंगे। उसके बाद रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कंपनियां प्रर्दशित होंगी।

# गर्मी में बिजली कटौती बढ़ा रही लोगों की दिक्कत

## पहाड़ी गेट और डूंगरपुर क्षेत्र में चार घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति, गर्मी में बेहाल हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में बिजली कटौती की समस्या लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में लगातार ट्रिपिंग हो रही है। गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलने के कारण हाल बेहाल है। बुधवार को पहाड़ी गेट, डूंगरपुर क्षेत्र में चार घंटे तक विद्युपूर्ति ठप रही। प्रचंड गर्मी में बिजली न मिलने से लोग पसीने में तर हो गए। बिजली के लिए अधिकारियों को फोन करने लगे। बिजली अधिकारी शीघ्र बिजली आने का आश्वासन देते रहे।

पहाड़ी गेट में दोपहर एक से तीन बजे तक, डूंगरपुर क्षेत्र में दोपहर दो से शाम चार बजे तक विद्युपूर्ति ठप रही। दोनों उपकेंद्रों से चार घंटे तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पहाड़ी गेट क्षेत्र के मोहल्ला चाह खजान खां, पीला तालाब, डूंगरपुर बिजली घर के मोहल्ला जेल रोड, खुसरो बाग, घेर मियां की विद्युपूर्ति ठप रही। बिजली नहीं आने पर संबंधित अधिकारियों के फोन घनघनाने शुरू हो गए। अधिकारी जल्द ही बाधित आपूर्ति को सुचारू कराए जाने का सिर्फ आश्वासन देते रहे। लेकिन विद्युपूर्ति चार बजे ही सुचारू हुई। पहाड़ी गेट क्षेत्र के निवासी रेहान, शहाब और अय्यूब ने निगम के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया है कि उनका कहना है कि बिजली की लाइनों में फॉल्ट का बहाना बनाकर कटौती की जा रही है, गर्मी में विद्युपूर्ति नहीं आने से बड़े और बच्चों को रो रोकर बुरा हाल हो जाता है। विद्युपूर्ति नहीं आने पर जब उपकेंद्र के सीयूजी नंबर से संपर्क किया जाता है तो वह रिसीव नहीं होता है।

> 11 हजार की लाइन में कुछ खराबी आ जाने के कारण आपूर्ति बाधित रही। लाइन में आई खराबी को सही कराए जाने के बाद शाम चार बजे आपूर्ति सुचारू करा दी गई। **–नागेंद्र प्रसाद जेई डूंगरपुर बिजलीघर**

### शेड्यूल के मुताबिक नहीं मिल रही बिजली आपूर्ति

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र गांवों के लोगों को शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। बिजली आपूर्ति न मिलने के कारण लोगों का गर्मी में बुरा हाल है। कई बार ग्रामीणों ने शेड्यूल के अनुसार बिजली देने की मांग की, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर सहित क्षेत्र के गांवो में बिजली शेड्यूल के अनुसार नहीं मिल रही है। बिजली शेड्यूल के अनुसार नहीं मिलने के कारण गर्मी में नगर सहित क्षेत्र के गांवों के लोगों का बुरा हाल है। एक तरफ बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हाल हैं, तो दूसरी तरफ गर्मी ने लोगों को जीना बेहाल कर रखा है। बिजली आने और जाने का कोई समय नहीं है। कभी भी बिजली आ जाती है और कभी भी बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। लोगों ने बताया कि ऊपर से लो वोल्टेज की दिक्कत रहती है। गांवो में तो 7 से 8 घंटे ही बिजली मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ गांव भाऊपुर में लो वोल्टेज के कारण भाऊपूरा के लोग परेशान हाल हैं।



> एक तरफ गर्मी से ग्रामीणों का बुरा हाल है, तो दूसरी तरफ बिजली की आंख मिचौली ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **– अय्यूब अली**



> इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। लेकिन बिजली कटौती की जा रही है। गर्मी में तो विभाग को बिजली शेड्यूल के अनुसार दे देनी चाहिए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। **– साजिद अली**



> गांव भाऊपुरा में बिजली के लो वोल्टेज से कारण गांव के लोग परेशान हैं। बिजली न मिलने से गर्मी में लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। अधिकारियों को कई बार जानकारी दी गई है। **– जफर मंसूरी**



> बिजली आने और जाने का कोई समय नहीं है। कभी भी बिजली आपूर्ति चालू हो जाती है। कभी भी बिजली आपूर्ति को बंद की दी जाती है। इससे लोगों को काफी परेशानी आ रही है। **– शहादत अली**



भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते मिलक के दुकानदार। ● अमृत विचार

# बाजार में दुकानें बनने से बेरोजगार होंगे सैकड़ों लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने साप्ताहिक बाजार मिलक में फड़ लगाने वाले दुकानदारों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू के आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने फड़ विक्रेताओं की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष को सौंपा।

बुधवार को जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचे फड़ विक्रेताओं ने नगर पालिका परिषद मिलक पर तानाशाही करने का आरोप लगाया। आदेश शंखधार ने बताया कि नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों ने हजारों लोगों को बेरोजगार कर दिया है। लेकिन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अपना निजी लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से दुकानों का निर्माण कार्य बहुत तेजी के साथ कराने में लगी हुई हैं। इस पूरे प्रकरण के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू को मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष नाम के ज्ञापन भी सौंपे। मांग है कि शीघ्र मार्केट का निर्माण कार्य जनहित में रोका जाए। इस मौके पर तिलक राज, राम भरोसे, यशपाल, दिनेश, राजेंद्र कोली, पारस गुप्ता, रघुनंदन, नन्हें, कुलदीप, राजेंद्र राठौर, महेंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

# बच्चा व डायरिया वार्ड में 163 रोगी भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जनपद में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल में दो दिन में 163 मरीज भर्ती हुए। बुधवार को बच्चा वार्ड में 22, मंगलवार को 32 रोगी भर्ती हुए। डायरिया वार्ड में मंगलवार को 83, बुधवार को 26 रोगियों को भर्ती कराकर उपचार दिलाया गया।

गर्मी में लोग भी बीमार होने लगे हैं। निजी से लेकर जिला अस्पताल तक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इन रोगियों में ज्यादातर डिहाइड्रेशन से पीड़ित हैं। जिला अस्पताल में दो दिन में 163 रोगी भर्ती हुए। बुधवार को जिला अस्पताल में 1040 रोगियों की ओपीडी हुई। चिकित्सकों के कक्ष के बाहर रोगियों की लंबी कतारें लगी रहीं। जनरल फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ युगल किशोर ने बच्चों को परामर्श दिया। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने की वजह से आम दिनों के अनुसार, इन दिनों रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

इसमें रोगियों के तीमारदारों को एहतियात बरतने की सलाह दी। कहा कि खान-पान पर खासतौर से ध्यान रखें। सीएमएस डा. एचके मित्रा ने बताया कि डायरिया रोगियों की संख्या बढ़ाई गई है पहले डायरिया वार्ड में 25 बेड की व्यवस्था थी। लेकिन अब इसे बदलकर 45 कर दी गई। बच्चों के लिए 15 बेड का वार्ड भी अलग से आरक्षित किया गया है।



जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर के पास मौजूद मरीज और तीमारदार। ● अमृत विचार

● जिला अस्पताल में बुधवार को 1040 रोगियों की हुई ओपीडी

# आजम खां मुरादाबाद व रामपुर के नहीं, देश के नेता : रुचि वीरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा बुधवार को सपा नेता आजम खां के घर शहर के मोहल्ला घेर मीरबाज खां टंकी नंबर पांच पहुंचीं। यहां उन्होंने आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि आजम खां रामपुर और मुरादबाद के नहीं देश- प्रदेश के नेता हैं।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना हुई थी। इसमें मुरादबाद से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने 1,05,762 वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। इसके बाद रुचि वीरा बुधवार दोपहर अपने समर्थकों के साथ सपा नेता आजम खां के घर पहुंचीं। उन्होंने डॉ. तजीन फात्मा से मुलाकात की और उनकी तबीयत के बारे में जाना। पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि हम लोग बहुत सालों से आजम खां से जुड़े हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ आजम खां का मुझे टिकट दिलवाने में योगदान है। इसलिए मैं उनके परिवार से मिलकर उनका शुक्रिया अदा करने आई हूं। रामपुर के प्रत्याशी भी समाजवादी पार्टी से ही चुनाव लड़े हैं। लोकसभा चुनाव पार्टी के आधार पर ही लड़ा जाता है।



रामपुर में पत्रकारों से रूबरू होतीं मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा।

# ध्यान और शांति पाठ का कराया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अंतर योग संस्थान की प्रशिक्षिका अंतरा यादव ने मंडूकासन, मारिचयासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, बंध आसन, उत्तानपाद, आसन अर्ध हलासन क्रियाओं का अभ्यास कराया।

21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस है। इसके चलते राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय स्टेडियम में योगाभ्यास कराया जा रहा है। स्टेडियम में बुधवार को पांचवें दिन योग प्रशिक्षिका जिला योग संघ की सचिव मीनाक्षी रानी एवं अंतर योग संस्थान की प्रशिक्षिका अंतरा यादव ने योग अभ्यास कराया। इसमें प्रार्थना, ग्रीवा, संचालन, स्कन्द, खिचाव, स्कन्द चक्र, कटी शक्ति संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ठासन, उष्ठासन, शशकासन, उत्तान, पवन, मुक्तासन, शवासन, कपालभाती, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराने के बाद शांति पाठ कराया गया। जिलेश कुमार ने बताया कि योग शारीरिक स्वास्थ्य स्नायु तंत्र एवं कंकाल तंत्र को सुचारु रूप से कार्य करने और हृदय, नाड़ियों के स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है। इस मौके पर रूपा अग्रवाल, रामकृष्ण, मनोज कुमार, डॉ. अनूप सिंह, जुगल किशोर, जावेद खान, विजय कुमार, मनीष, इसरार, वरमजीत आदि ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया।



स्टेडियम में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

● मंडूकासन, मारिचयासन, मकरासन, भुजंगासन का कराया योगाभ्यास

# आठ से 25 जून तक लोगों को मिलेगा राशन

**रामपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के खाद्यान्न अंत्योदय एवं पात्र कार्ड धारकों को 8 से 25 जून तक राशन मिलेगा। अंत्योदय योजना के कार्ड धारकों को माह अप्रैल, मई और जून में एक किलो चीनी 18 रुपये की दर से दी जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने बताया कि अंत्योदय लाभार्थियों को 14 किलो गेहूं, 21 किलो चावल के हिसाब से 35 किलो राशन का वितरण निशुल्क कराया जाएगा। इसके साथ ही एक कार्ड धारक को 18 रुपये की दर से चीनी वितरित की जाएगी। पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को एक यूनिट पर 2 किलो गेहूं, 3 किलो चावल का वितरण निशुल्क कराया जाएगा। 25 जून को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा अनुमन्य रहेगी।

**मौसम** आसमान में मंडरा रहे बादल, नहीं हो रही बारिश

# तापमान 40 डिग्री के पार, लू ने सताया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जून के पहले सप्ताह में गर्मी का सितम जारी है। बुधवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियम के पार पहुंच गया। उमसभरी गर्मी से लोग बेहाल हो गए। आसमान में बादल मंडराते रहे लेकिन, वर्षा नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिक वर्षा होने के आसार जता रहे हैं। पूरे दिन 14 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से लू चलती रही। लोगों ने नहरों और तालाबों में डुबकी लगाकर गर्मी से निजात पाई। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग जरूरी कार्यों से सिर पर गमछा या स्कार्फ बांधकर निकले।

पूरे दिन आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। सुबह 10 बजे से सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे। सवेरे से ही लू चलना शुरू हो गई। दोपहर तक तापमान 41डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। न्यूनतम तापमान- 28 डिग्री सेल्सियस रहा आर्द्रता 44 प्रतिशत रहने से उमस का एहसास भी हुआ। हालांकि, घर और दफ्तर से बाहर निकलते ही लू के थपेडों ने परेशान किया। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले पांच दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। चार-पांच दिन से सड़क पर निकलने पर गर्म हवा के थपेड़े पड़ रहे हैं।



ज्वालानगर चौराहा पर जाते वाहन सवार। ● अमृत विचार

> दो दिन तापमान बढ़ने से मौसम गर्म रहेगा। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलाव मौसम शुष्क रहेगा। **–डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ**

### 50 करोड़ रुपये की लागत से सुधरेगी सड़कों की हालत

**रामपुर, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले की 100 सड़कों की हालत आचार संहिता हटने के बाद सुधारी जाएगी। मालगोदाम, मिलक में चंद्रकला, स्वार-दढ़ियाल, मुरादाबाद-टांडा, बिलासपुर, रायजादा, सुल्तानपुर से बिजारखाता, टांडा के मरघटी, पिपलिया मेहतो, सैफनी चंदरपुर कला, पंजाबनगर और जौलपुर की सड़कों की हालत काफी खस्ता है। यहां के लोगों की मांग पर विभागीय अधिकारियों ने सड़कों की हालत सुधारने की सुध ली है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सड़कों की हालत सुधारने के बाद जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त कराया जाएगा। आचार संहिता हटने के बाद कार्य कराए जाएंगे। बताया कि काफी समय से सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई थी। शहर की बाहरी सड़के और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की लगातार शिकायतें आ रहीं थीं। आचार संहिता के हटने के बाद संबंधित अधिकारियों को साइट का निरीक्षण कराया जाएगा। लोनिवि के एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि सड़कों की हालत 50 करोड़ रुपये की लागत से सुधारी जाएगी। जिससे कि लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।



## एक नजर

### मोमिनपुर में जमीन के विवाद में भाइयों को पीटा

**धमोरा,अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव मोमिनपुर के मझरे के निवासी सोनू का आरोप है कि जमीन को लेकर रिश्तेदार से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर यह मुझसे रंजिश रखते थे। मंगलवार को मेरे रिश्तेदार विजेंद्र,उनके बेटे अरुण, अजय ने मुझे और भाई को मारा पीटा,गाली गलौज की। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

### ठेका सफाईकर्मियों का हो रहा उत्पीड़नः तपन

**रामपुर,अमृत विचार :** भारतीय आंबेडकर सभा के संस्थापक अविनाश तपन ने कहा कि पालिका के अधिकारी ठेका सफाई कर्मियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। कहा कि मानकों के विपरित मानदेय दिया जा रहा है। बुधवार को संस्थापक के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभा के पदाधिकारियों ने तय किया कि कर्मियों की समस्याओं को लेकर पालिकाध्यक्ष और ईओ से मिलकर समस्याओं के बारे में बताएंगे।

### राहगीरों को पिलाया शर्बत

**रामपुर,अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बाजार नसरूल्लाह खां में दुकानदारों ने आपस में चंदा एकत्र कर लोगों की शर्बत पिलाया। दुकानदार राजा खां ने बताया कि लोगों को शर्बत पिलाया।

# बैराज से किसानों को मिलेगी सहूलियत

## 25 वर्ष से बंद नाहल बैराज होगा शुरू, 38 गावों के लोग कर सकेंगे फसलों की सिंचाई


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग का नाहल बैराज जल्द ही चालू होगा। इसके चालू होने से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इससे 38 गांवों के 12 हजार से अधिक किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए आसानी हो जाएगी।

चमरौआ क्षेत्र के पीपली वन में नाहल नदी पर बने बैराज के पानी से किसानों की फसल लहलहाती थी। लेकिन देखरेख के अभाव में बैराज क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके क्षतिग्रस्त होने से हजारों किसानों के सामने सिंचाई का संकट पैदा हो गया था। इसे सही कराने के लिए किसानों ने विभाग के अधिकारियों से मांग भी की। वर्ष 2019 में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने इसे बनवाने का प्रस्ताव दिया था। इस पर 33 करोड़ से इसके दोबारा से निर्माण कराने की मंजूरी दिलाई थी। शासन


नाहल बैराज। ● अमृत विचार

से मंजूरी मिलते ही विभाग के अधिकारियों ने बैराज को बनवाने का कार्य शुरू कराया। बस सिर्फ लोकार्पण होना है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बैराज से 38 गांवों के 12,230 किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इसके चालू होने पर किसानों को काफी लाभ मिलेगा। बैराज से पानी बगी माइनर, नाहल, शंखा, लोटा, डांडी, अहमदनगर, नुसरतनगर की नहरों में पानी जाता है। चमरौआ क्षेत्र के पीपली वन में नाहल नदी पर बने बैराज का ट्रायल 15 दिन पहले भी कराया गया था। इसके लिए, रामनगर बैराज से पानी की डिमांड भी की गई थी। डाम से पानी मिलने के बाद नाहल का चेक किया गया था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नाहल बैराज को चेक किया गया था। जिससे कि कोई कमी हो तो समय से पूरा किया जाए। इस बैराज के शुरू होने से किसान अपनी फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। इससे उन्हें खेती करने में आसानी होगी। किसानों का फसलों में खर्च कम होगा।


25 साल के उपेक्षा का शिकार हुआ बैराज बनकर तैयार हो गया है, इसकी काफी खुशी हो रही है, इससे किसानों को भरपूर मात्रा में पानी मिलेगा। **– आदेश शंखधार**


नाहल बैराज शुरू होने से सिंचाई के लिए पानी मिलने लगेगा। इससे किसानों को काफी लाभ होगा, अभी तक कहीं-कहीं पर पानी मिल पाता है। **– मोहम्मद हनीफ वारसी**


बैराज से सबसे अधिक बिलासपुर, स्वार के किसानों को अधिक पानी मिलेगा। इसके लिए कई अधिकारियों से मांग की गई थी। **– संजोर अली पाशा**


नाहल बैराज तैयार हो गया है। अब किसानों को आसानी से खेती के लिए पानी मिल सकेगा। इसे जल्द ही शुरू करवाया जाना चाहिए। **– हसीब अहमद**

नाहल बैराज को संचालित करने की सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय दे दी गई है, जल्द ही लोकार्पण कराकर इसको शुरू कराया जाएगा। क्षेत्र के किसानों के लिए फसलों की सिंचाई आसान हो जाएगी। **–सियाराम,एक्सईएन, सिंचाई विभाग**

# राज्यमंत्री और पालिकाध्यक्ष के बूथों पर घनश्याम सिंह लोधी के लिए बरसे वोट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए राज्यमंत्री और पालिकाध्यक्ष के बूथों पर जमकर वोट बरसे। लेकिन फिर भी भाजपा प्रत्याशी अपनी हार नहीं बचा सके। इसे लेकर भाजपाई असमंजस हैं और हार के कारणों पर चिंतन-मंथन किया जाएगा। दूसरी ओर, सपा प्रत्याशी को भी बिलासपुर में खूब वोट मिले हैं। सपा प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को 87,434 मतों से शिकस्त दी है। 36-बिलासपुर में भाजपा और सपा प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर रही।

जिले में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण में मतदान हुआ था। इसमें भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने चुनाव में जीत हासिल करने के लिए मेहनत की थी। वही पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और सरकार के कई मंत्री भी रामपुर आ गए थे। सभी ने प्रत्याशी के लिए वोट मांगे थे। इसके बाद भाजपाई पूर्व सांसद की जीत तय मान रहे थे। मंगलवार को मंडी समिति में मतगणना शुरू हुई और जब सपा के प्रत्याशी पांच हजार वोटों से आगे हुए तो वह लगातार आगे चलते रहे। हालांकि पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी को 3,94,069 वोट मिले। बिलासपुर क्षेत्र में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के बूथ संख्या-39 पर कुल वोट 474 हैं। इनमें से घनश्याम सिंह लोधी को 323 वोट मिले। जबकि सपा के प्रत्याशी को 135 वोट मिले। बिलासपुर पालिका चेयरमैन चित्रक मित्तल का बूथ संख्या 79 है। यहां कुल 509 मतदाता हैं। इनमें से भाजपा प्रत्याशी को 343 और सपा प्रत्याशी को 154 वोट मिले। कुल 506 वोट पड़े। दोनों ही बूथों पर भाजपा प्रत्याशी को जमकर वोट मिले।

**सपा को खूब वोट मिले**

| बूथ संख्या | भाजपा | सपा |
|---|---|---|
| 179 | 08 | 410 |
| 214 | 15 | 305 |
| 35 | 75 | 227 |
| 53 | 62 | 505 |
| 55 | 44 | 155 |
| 57 | 21 | 331 |
| 62 | 48 | 219 |
| 61 | 94 | 211 |
| 75 | 28 | 375 |
| 76 | 51 | 668 |


बलदेव सिंह औलख।


चित्रक मित्तल।

### सफाई कराने को दिया पत्र

**रामपुर,अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला झंडा के लोगों ने सफाई कराए जाने के लिए ईओ को पत्र दिया है। जिसमें उनका कहना है कि कई दिनों से सफाई नहीं हो रही है। कई बार सफाई नायक से कहा जा चुका है बुधवार को पालिका पहुंचकर उन्होंने ईओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने सफाई कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुजाहिद, रेहान, सुभाष, रविंद्र आदि शामिल रहे।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देकर आते विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# विश्व हिंदू महासंघ सात को मनाएगा योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** विश्व हिंदू महासंघ सात जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन मनाया। इसे लेकर बैठक में पदाधिकारियों ने चर्चा की। पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार को ज्ञापन देकर कार्यक्रम की जानकारी दी।

पनवड़िया स्थित कार्यालय में बुधवार दोपहर विश्व हिंदू महासंघ की बैठक में जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह रावत ने कहा कि सात जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया जाएगा। इसमें प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश यादव, हस्तिनापुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभाग प्रभारी नरेश उपाध्याय भी शामिल हो सकते हैं। बताया कि सभी पदाधिकारियों का पनवड़िया पर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सभी को आदर्श धर्मशाला में लाया जाएगा। यहां कार्यक्रम में लोग अपने विचार रखेंगे। इस मौके पर मास्टर रोशन लाल, देवकी नंदन, सर्वेश कुमार, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बांटा प्रसाद

**रामपुर, अमृत विचार :** गोरक्षा पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ की दीर्घायु के लिए भमरौआ मंदिर में बुधवार को रुद्राभिषेक हुआ। इसमें विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। विश्व हिंदू महासंघ के हस्तिनापुर संभाग प्रभारी संजय गुप्ता ने बुधवार को भमरौआ स्थित पातालेश्वर शिव मंदिर में योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर पर रुद्राभिषेक किया। संजय गुप्ता ने हस्तिनापुर संभाग प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया। इस मौके पर गेंदनलाल सैनी, विपिन कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, आलोक अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर मुख्यमंत्री योगी को भाजपाइयों ने दी बधाई

संवाददाता, मिलक

● **पूर्व जिलाध्यक्ष ने की योगी आदित्यनाथ की दीर्घायु की कामना**

**अमृत विचारः** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री को बधाई दी।

भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने योगी आदित्यनाथ के दीर्घ आयु होने की कामना की। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र गंगवार ने कहा कि वह ईश्वर से योगी आदित्यनाथ के दीर्घ आयु होने की कामना करते हैं। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है।

प्रदेश की सरकार किसान, पिछड़े, दलित समाज के हित में कार्य कर रही है। योगी सरकार में कानून व्यवस्था बहुत अच्छी है। सरकार गरीबों, मजदूरों, दलित, पिछड़ो को उनका हक मिल रहा है। उत्तर प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे के साथ काम कर रही है।

पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, मनोज पांडेय, देवेंद्र सिंह, राजकुमार माहेश्वरी, रामबहादुर गंगवार,राजीव गंगवार, मुकेश पटेल, संजीव गंगवार, वीरपाल, सुरेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप


वाहन की चपेट में आने से घायल गोवंश को देखते लोग। ● अमृत विचार

### वाहन की चपेट में आने से गोवंश घायल

**धमोरा,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के धमोरा बाईपास पर एक पशु रोड पर दुर्घटना होने से घायल हो गया। क्षेत्र के धमोरा बाईपास पर छुट्टा गोवंश घूमते रहते हैं। जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। उसी के चलते बुधवार को भी रोड पर एक पशु घूम रहा था कि किसी वाहन ने पशु को टक्कर मार दी। जिससे गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। गोवंश के रोड पर गिरने से जाम लग गया। उसके बाद कुछ राहगीरों ने गोवंश को उठाकर रोड के किनारे किया। किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और घायल गोवंश का इलाज कराया।

### कृषि राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को दी जन्मदिन की बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** लखनऊ में उत्तर प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने मुलाकात कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई दी है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फूल देते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

### साइबर टीम ने युवती के दो लाख रुपये कराए वापस

**रामपुर, अमृत विचार :** साइबर क्राइम की टीम ने एक युवती के दो लाख रुपये वापस दिलाए। जिसके बाद उसने साइबर टीम का धन्यवाद किया। मिलकखान थाना क्षेत्र के गांव खुदागंज कॉलोनी निवासी एक युवती ने कुछ दिनों पहले लिखित शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए उल्लेख किया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे खाते से धोखाधड़ी करके करीब 5,42,200 निकाल लिए है।उसके बाद एसपी ने युवती के पैसे वापस कराने की बात कही थी। उसके बाद साइबर क्राइम की टीम इस कार्य में लग गई थी।उसके बाद टीम तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए पीड़िता की धोखाधड़ी से अर्जित की गई धनराशि में से 2,00,000 नेशनल साइबर क्राईम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर होल्ड करा दी गई।


दीक्षित कॉलेज में पौधरोपण करते संरक्षक पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित।

### पृथ्वी को स्वच्छ रखने का लें संकल्प : जागेश्वर

**रामपुर, अमृत विचार :** दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में बुधवार को 23 यूपी बटालियन मुरादाबाद के अंतर्गत एनसीसी कैडेटस ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान गोष्ठी भी हुई। इसमें महाविद्यालय के संरक्षक पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित ने कहा कि यह दिवस हम सबको याद दिलाता है, पृथ्वी हमारा अनमोल खजाना है। हम प्रकृति के संरक्षक हैं। एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है हम सबको मिलकर अपनी पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। महाविद्यालय के संरक्षक ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के छायादार पौधे लगाए। इस दौरान कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। इसके बाद विचार गोष्ठी हुई। इसमें पर्यावरण संरक्षण के साथ मनुष्य द्वारा पर्यावरण को प्रभावित करने वाली समस्त क्रियाएं एवं पर्यावरण में हो रहे विस्फोटक बदलावों की जानकारी दी गई। घर के आसपास अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित ने कहा कि हरे-भरे जंगल, स्वच्छ वायु एवं स्वच्छ जल ही हमारे जीवन का स्तंभ है। दुर्भाग्यवश आज पृथ्वी खतरे में है। वनों को कटाने से जलवायु परिवर्तन की स्थिति गंभीर होती जा रही है। इससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।


पौधरोपण करतीं पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज व अन्य।

### पर्यावरण दिवस पर पालिकाध्यक्ष ने लगाए पौधे

**टांडा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने सभासदों एवं कार्यालय स्टॉफ के साथ नगर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाने और उसकी भलीभांति देखभाल करने को प्रेरित किया। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और प्रतिनिधि हाजी सरफराज ने नगर के मोहल्ला मोतीनगर स्थित झंडा चोक सहित विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। इस दौरान नोडल अधिकारी धनीराम सैनी, सभासदपति मास्टर मोहम्मद सगीर व सभासद रईस उर्फ भूरा आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में खेड़ा टीम ने करैथी को 65 रन से दी शिकस्त

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचारः** महाराणा प्रताप प्रीमियम लीग की ओर से शाहबाद के करैथी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ। ग्राम प्रधान ओमवीर सिंह चौहान ने फीता काटकर टूर्नामेंट का आरंभ किया।

टूर्नामेंट के पहले दिन बुधवार को करैथी और खेड़ा की टीम के बीच मैच खेला गया। खेड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने 12 ओवर में सात विकेट खोकर 135 रन का स्कोर बनाया। करैथी की टीम 10 ओवर में 70 रन बनाकर ढेर हो गई।। समिति के सदस्य रिंकेश तोमर और अतुलित कठेरिया ने बताया कि एक मैच में कोई खिलाड़ी तीन विकेट लेता है या तीन छक्के मारता है खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाएगा। पवन राठौर, अनुज चौहान, विकास, मिथोष, सतेन्द्र राठौर, राजकुमार एवं बंटी राठौर आदि मौजूद रहे।


करैथी में फीता काटकर टूर्नामेंट का आरंभ करते ग्राम प्रधान ओमवीर सिंह चौहान।



## एक नजर


गांधी समाधि पर पौधरोपण करते मदद एक आस फाउंडेशन के सदस्य।

### मदद एक आस फाउंडेशन की ओर से लगाए गए पौधे

**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर मदद एक आस फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा गांधी समाधि स्थित पार्क में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण पर विशेष रूप से कार्य करने वाली रेखा राजपूत ने बताया हमें विशेष त्योहारों एवं अपने जन्मदिन जैसे शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। हम अपने पर्यावरण को शुद्ध कर सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, जिलाध्यक्ष संचित कपूर, कोषाध्यक्ष शालिनी रस्तोगी, मीडिया प्रभारी रागिनी गर्ग, रीना यादव मणि आदि मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर गायों को खिलाया चारा

**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर कुमारतनय वैश्य यूथ क्लब की ओर से शर्बत बांटकर लोगों का गला तर कराया गया। इससे पहले गोशाला जाकर सभी सदस्यों ने गायों को चारा और तरबूज खिलाकर पूण्य लाभ कमाया। जौहर रोड पर अध्यक्ष सुनीत गुप्ता के हस्तकला निवास के बाहर शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत वितरण किया गया। सदस्यों को 500 पौधे लगाने का लक्ष्य भी दिया गया। इसमें सभी क्लब सदस्यों ने अपने घरों पर पांच-पांच पौधे लगाए। सभी सदस्यों ने जल को बचाने और बरसात में जल संग्रह करने का भी प्रण भी लिया। अध्यक्ष सुनीत गुप्ता, सचिव जितेंद्र गुप्ता ने सदस्यों को कार्य में तन और मन से सहयोग करने पर बधाई दी। संरक्षक श्रीष गुप्ता, राजेंद्र कुमार सर्राफ, राजन गुप्ता, राकेश गुप्ता, अजय, दीपक, धर्मेंद्र, अंशु, सौरभ, ज्ञान प्रकाश, नितिन, सोनिका, सरिता आदि मौजूद रहे।

### मोतियापुरा में हुआ पौधरोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत मोतियापुरा विकासखंड सैदनगर तहसील टांडा में ग्राम प्रधान पति इश्तियाक हुसैन, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ,पंचायत सहायक ,रोजगार सेवक, मनरेगा श्रमिकों द्वारा पौधरोपण किया गया।


पोटर प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्राचार्य नीलम रानी टम्टा व प्रशिक्षु। ● अमृत विचार


राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधारोपण करते प्रधानाचार्य, एसबीआई के मैनेजर व अन्य।


राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौध लगाते प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा। ● अमृत विचार

# धरा को हराभरा बनाने के लिए किया पौधरोपण

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने लगाए विभिन्न प्रजातियों के पौधे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने पौधरोपण व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संवारने के लिए पौधरोपण करना होगा।

कार्यक्रम का आरंभ बुधवार को कॉलेज प्राचार्य डा. दीपा अग्रवाल ने पौधरोपण करके किया। कहा कि बढ़ते तापमान व प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने व उनकी देखभाल की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ. बेबी तबस्सुम, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. ईरम नईम, राष्ट्रीय सेवा योजना के पंकज, रिसालत, सलमान शहाब, नदीम हसन, फैज, रवि, राहुल, रिकेश व नेशनल कैडेट कोर के कमल, तुषार, रोहित सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें डूंगरपुर व खुसरो बाग के लोगों को पेड़ पौधों का महत्व समझाया गया। एक पौधा लगाओ-पेड़ बचाओ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। छात्र-छात्राओं व आम लोगों से संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। यह संकल्प दिलाया गया कि हम पेड़ लगाकर उसकी देखभाल व पालन पोषण करेंगे। अभियान में गड्ढे खोदने व पेड़ लगाने में महाविद्यालय केयर टेकर विनीत, माली लाल सिंह व उपदेश का सहयोग रहा।


पौधरोपण करते कालेज के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

### पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने के लिए लगाएं पौधे

**रामपुर, अमृत विचार :** डायट की उप शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी को अपने-अपने दायित्वों के प्रति आगाह करने को कहा। भविष्य में आने वाली पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए सभी डीएलएड के छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें डीएलएड प्रशिक्षुओं ने समूह बनाकर चार्ट के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए प्रस्तुतीकरण से प्रभावशाली संदेश दिया। कक्षा अध्यापक राजेश कुमार ने भी पर्यावरण शिक्षा के संबंध में अपना वक्तव्य दिए। डायट के प्रवक्ता प्रेमचंद कुमार, ब्रजराज किशोर, राजीव सिंह, सचिन गौतम, तृप्ति चंद्रा, उजमा खानम, पुष्पा देवी, रोहित दुबे आदि मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह हुआ पौधरोपण

**शाहबाद, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्र में जगह-जगह पौधरोपण किया गया। नगर पंचायत परिसर में चेयरमैन प्रतिनिधि सपा नेता वसीम खां, सभासद सदाकत व नगर पंचायत स्टॉफ ने पौधरोपण किया। नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में चेयरमैन प्रतिनिधि ने कर्मचारियों को पर्यावरण बचाने की शपथ दिलाई। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रधानाचार्य एसके वर्मा, भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर परितोष सिंह व फील्ड ऑफिसर दीपांशु सिंह ने अनार जामुन एवं चिलबिल समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। राणा चीनी मिल में उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, परिवर्तन सिंह, प्रीतम सिंह, वीरेंद्र सिंह,आरके द्विवेदी, मोहित कुमार व धर्मेन्द्र सिंह ने पौधरोपण किया। वहीं, राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा ने बरगद, पीपल, और नीम के पौधे लगाए।

### पेड़-पौधों की करें परवरिश : कुलदीप

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सिंह ने कहा कि पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को पर्यावरण के महत्त्व से परिचित कराकर जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के बाद उनकी परवरिश होना बहुत जरूरी है। जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, तहसील बिलासपुर के सभागार कक्ष में विश्व पर्यावरण दिवस पर विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सिंह ने पौधरोपण किया। कहा कि पेड़-पौधों की देखभाल करके भविष्य को अच्छी सौगात दे सकते हैं। सचिव ने अधिवक्ता को उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत होने के बाद जमानती पेश करने में असक्षमता के कारण रिहाई नहीं हुई हो, उन बंदियों के बारे में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जानकारी दें। शिविर में न्यायिक अधिकारी, ग्राम न्यायालय बिलासपुर, नायब तहसीलदार बिलासपुर, अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक तथा ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

### प्राणियों का अस्तित्व बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी : मुनीश

**रामपुर, अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज में हिंदी के प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा ने बुधवार को कहा कि मत्स्य पुराण के अनुसार, एक वृक्ष 10 पुत्रों के बराबर है। जीवन में लगाए गए पौधे ही अगले जन्म में पुत्र रूप में प्राप्त होते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। टप्लाई इंडस्ट्री में जैन इंटर कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा ने पौधरोपण किया। कहा कि हमारी नई पीढ़ी प्रकृति के प्रति संवेदनशील हो, इसके लिए तीन साल के नन्हे कुंज के हाथों आम का पौधा लगवाया गया। किटप्लाई इंडस्ट्री के महाप्रबंधक आरके पांडेय ने कहा कि पौधा लगाना, हम सभी का कर्तव्य है। केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमें उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी स्वयं निभानी चाहिए। सर्वप्रथम रामशंकर पांडेय ने पौधों का पूजन किया। इसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ पौधे रोपित किए गए। नाशपाती, आड़ू और आम के पौधे लगाए। इनके नाम शक्ति, कुंज और मोहन रखे गए। इस दौरान आरके पांडेय, रामेन्द्र गुप्ता, अशोक सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रवीन तिवारी आदि रहे।

# पृथ्वी का दोहन रोकना सभी लोगों का कर्तव्य : डॉ. अतुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पृथ्वी सिर्फ हमारा घर ही नहीं, बल्कि हमारी माता भी है। इसके शोषण और दोहन को रोकना हमारा कर्तव्य है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इसका एकमात्र उद्देश्य है लोगों को इसके प्रति जागरुक करना, ताकि लोग अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण और पर्यावरण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य और महाविद्यालय समस्त सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीती लता ने कहा कि पेड़ों को कटाई से बचाना चाहिए। अगर जीवनदायिनी पेड़ पौधे ही नहीं रहे तो हमारी आने वाली पीढ़ी कैसे रहेगी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद कासिम ने बताया कि इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता है। कहा कि हमें पर्यावरण जैसे विषय पर एकजुट होकर विचार करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त शिक्षक मौजूद रहे। एनएसएस की छात्राओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।


किटप्लाई इंडस्ट्री में पौधरोपण करता तीन साल का बच्चा। ● अमृत विचार

# प्रकृति को बचाने के सार्थक प्रयास जरूरी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** जिला युवा अधिकारी माहे आलम ने कहा कि अपनी प्रकृति और पर्यावरण को बचाने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी हैं। युवाओं को दिनोंदिन बढ़ते तापमान को देखते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। पुरानी तहसील स्थित नेहरु युवा केंद्र में युवाओं को और अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। जिला युवा अधिकारी माहे आलम के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया। जिसमें अमरूद, अनार, कनेर, नीम, अशोक, डहलिया, जामुन सहित अन्य फलदार, छायादार, फूलदार पौधों का रोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार से विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसमें टी शर्ट, कैप, बैज, मेडल, किताबें पुरस्कार स्वरूप दी गईं। जिला युवा अधिकारी ने सभी युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने को लेकर प्रेरित भी किया। इस अवसर पर सुरेश आर्य, राजपाल, अमरीन, शुभम, सागर व संजीव आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद जिला युवा अधिकारी माहे आलम व अन्य। ● अमृत विचार

- वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित
- पर्यावरण दिवस पर नेहरू युवा केंद्र में हुआ कार्यक्रम

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की शपथ ली

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है। प्रत्येक को पौधरोपण अनिवार्य रूप से करना होगा। तभी तापमान में कमी आयेगी एवं वातावरण अनुकूल बनेगा। कहा कि जनपद के सभी विद्यालयों में पर्यावरण क्लब के गठन किया जाए। बच्चों में पेड़ पौधों के प्रति जागरूक उत्पन्न की जाए। जो पौध लगाई जाई उनकी देख भाल की जाए। एवं नियमित खाद पानी आदि दिया जाये। बच्चों एवं अभिभावकों को अपने घर पर भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार द्वारा कार्यालय स्टाफ सहित कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौध लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही विभाग को आवंटित लक्ष्य अनुसार जनपद के प्रत्येक विधालयो में पौध रोपण कराने एवं उनकी सुरक्षा की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शपथ ग्रहण कराई।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नगर सुनील कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय स्वादीप कनौजिया,जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, जिला समन्वयक, राहुल सक्सेना, रफत अली खान,जानिसार अख्तर, सुनील श्रीवास्तव,राहुल कुमार निर्माण, अंकित सक्सेना प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, मुनवर शाह, नूरुल अमीन, फैसल मसूद, नवीन विष्ट, मोहित सक्सेना, नितेश गुप्ता आशुतोष सक्सेना, रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।


पौधे लगाने की शपथ लेते अधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार


पौधरोपण के दौरान मौजूद भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### 100 वर्ष तक निवेश करने के लिए मनुष्य लगाएं पौधे : ओम प्रकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी ने बच्चों को पर्यावरण का महत्व और संरक्षण की जानकारी दी। कहा कि प्रसिद्ध अर्थशात्री कांगचांग द्रुम ने लिखा है कि यदि आपको 100 वर्षों तक निवेश करना है तो मनुष्य को पौधरोपण करना चाहिए। वैश्विक ताप अपने उच्च स्तर पर है इसकी मुख्य वजह वृक्षों का अंधाधुंध कटान व वाहनों का बहुतायत में प्रयोग है। विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत स्काउट गाइड की ओर से बुधवार को विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड एवं जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी, मुख्यालय आयुक्त योगेंद्र पाल सिंह जिला संगठन आयुक्त जीतू कुमार, संगठन आयुक्त गाइड नरवंत कौर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त जमाल फात्मा व प्रेमपाल सिंह, शाहरोज खान द्वारा पौधरोपण किया गया। बताया कि पर्यावरण बिगाड़ने में एसी और फ्रिज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस कारण नौतपा जैसी भयंकर ताप विभीषिका से हम सभी को प्रभावित होना पड़ा है। हम सभी को पौधे लगाना चाहिए। इस अवसर पर शपथ ली गई कि प्रति वर्ष पौधे लगाएंगे और उनका पालन पोषण करेंगे। इस दौरान मेघा ठाकुर, नंदनी, सलौनी, सिमरन, निधि, श्वेता, मीनाक्षी, विधि, अनुष्का, रितिक, हिमांशु, विनय आदि रहे।

**आयोजन** इंपैक्ट कॉलेज में स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

# ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचने के लिए लगाएं पौधे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी ने कहा कि अब हमें पर्यावरण जागरूकता व पौधरोपण के कार्यक्रमों को बड़े पैमाने पर करना होगा। इससे धरती को हरा भरा बनाया जा सकेगा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर थूनापुर स्थित इंपैक्ट कॉलेज में अर्थ कम्पैनियन फाउंडेशन नई दिल्ली और होप ट्रस्ट के सहयोग से पर्यावरण जागरूकता व पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताएं कराई गईं। इसमें पहले स्थान पर नगमा, दूसरे पर अंतशा, शगुन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन में सना मकसूद प्रथम, फलक नवेद द्वितीय और मधु सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। सभी अतिथियों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कॉलेज में कई प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। इंपैक्ट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुलतान सैफी ने कहा कि हर व्यक्ति दो पौधे अवश्य लगाए।। डॉ. इरम नईम ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए हमें पर्यावरण जागरूकता व पौधरोपण पर ध्यान देना है। जनता को जागरूक करना होगा। अंत में कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर आसिम अहमद ने कहा कि इंपैक्ट कॉलेज पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है। उन्होंने ग्रीन केमिस्ट्री के बारे में सभी को जानकारी दी। इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर सुशील कुमार, शिखा शर्मा, डॉ. दानिया, सनम खान, राजेश शर्मा, डॉ. शाजिया, इफरा खान, यासर खान, आसिम खान आदि रहे।



राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधरोपण करते शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य। ● अमृत विचार

### जीवन में पेड़ पौधों का महत्वपूर्ण स्थान

**स्वार, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में बुधवार को जगह-जगह पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। पीपली वन में वन रेंजर ने बरगद, पीपल, पाखड़ के पौधे लगाकर वाटिका का नाम दिया। वन रेंजर मुजाहिद हुसैन व एसडीओ ओमप्रकाश राम ने पीपली वन, गांव भगवंतनगर, गांव बेवक्ता के मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। वन रेंजर ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हर मनुष्य को पौधे लगाना चाहिए। पीपली वन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वनकर्मियों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई।

# पौधरोपण कर निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों ने पौधरोपण किया। महिलाओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकली।

ग्राम पंचायत मनकरा स्थित अमृत सरोवर पर बुधवार सुबह लोगों को एकत्रित किया गया। सबसे पहले समूह की महिलाओं ने पर्यावरण को लेकर जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद अमृत सरोवर पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, वन क्षेत्रधिकारी अमित कुमार सिंह, डीसी मनरेगा मंशाराम यादव, खंड विकास अधिकारी राजेश, एडीओ आलोक कुमार, ग्राम प्रधान गुड्डी बेगम और रियाज अहमद ने पौधरोपण किया। आम, अमरूद, यूकेलिप्टिस, अर्जुन के पौधे लगाए। रामनगर में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जल जीवन मिशन की टीम भी मौजूद रही। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने नैनीताल हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में पौधे रोपित किए। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने जरूरी है। मौजूदा समय में भीषण गर्मी ने लोगों को पेड़ो का महत्व समझाया है। पेड़ ही पृथ्वी पर पर्यावरण बनाए रखते हैं और जीवन का असली सूत्रधार भी पेड़ हैं। इस मौके पर प्रदीप सक्सेना, अनिल सक्सेना, रूपेश सक्सेना, प्रताप कुमार, गौतम कुमार, परवेज खां, फैजान खां आदि मौजूद रहे।


पौधारोपण करते ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, साथ में अन्य।। ● अमृत विचार

